न्यूज डायरी

गंदे पानी के छींटे पड़ने पर ट्रेन से युवक को दिया धक्का, मौत

झांसी। गंदे पानी का छींटा पड़ने से नाराज यात्री ने चलती ट्रेन से मिराज (29) को धक्का दे दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जनपद सीतापुर निवासी मिराज हैदराबाद में काम करता था। वह चाचा के साथ गांव आ रहा था। 11 जुलाई की शाम दोनों हैदराबाद से गोरखपुर एक्सप्रेस के जनरल कोच में सवार हुए। ट्रेन में सीट को लेकर एक यात्री से मिराज की कहासुनी हो गई। वह व्यक्ति गेट के पास जाकर बैठ गया। मिराज सिंक में हाथ धोने गया। गंदे पानी के छींटे उस यात्री पड़ गए। ब्यूरो

डीजे पर नाचते समय अचानक गिरा होमगार्ड जवान, मौत

एटा। एसडीएम जलेसर कार्यालय में तैनात होमगार्ड जवान यशपाल (48) शुक्रवार रात विवाह समारोह में डीजे पर नाच रहा था। अचानक गिरा और बेहोश हो गया। आगरा ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने होमगार्ड जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया। मृतक के भाई विक्रम सिंह ने बताया कि यशपाल की 3 बेटी व दो बेटे हैं। थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मृत्यु का सही कारण पता चल सकेगा। संवाद



दीक्षांत समरोह में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा

हिंदी-क्षेत्रीय भाषा में हो कानून की पढ़ाई

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की पढ़ाई हिंदी और क्षेत्रीय भाषा में होनी जरूरी है। डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का दीक्षांत भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि विधि छात्रों को भी क्षेत्रीय भाषाओं का ज्ञान होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में रहकर अगर कानून के विद्यार्थी खसरा और खतौनी नहीं जान पाएंगे तो भला आम लोगों की समस्याओं का समाधान कैसे करेंगे। अगर दो किसानों के बीच कोई विवाद या फिर फौजदारी का मुकदमा होता है, ऐसी स्थिति में देशी हथियार और उनकी स्थानीय भाषा में हुई कहासुनी को लेकर अंग्रेजी में बहस करना काफी कठिन काम होगा। देश की विडंबना यह है कि यहां न्यायालय में बहस अंग्रेजी में होती है। जज और वकील यह भाषा समझते हैं, लेकिन जिनके लिए बहस हो रही है उनमें से ज्यादातर इसे समझ नहीं पाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए वर्ष 1950 से लेकर अब तक सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए सभी 37 हजार निर्णयों का हिंदी में अनुवाद कराया गया है।

उन्होंने कहा कि विधि की पढ़ाई हिंदी और स्थानीय भाषा में कराने के लिए सभी विश्वविद्यालयों को मिलकर मॉड्यूल तैयार करने चाहिए। इससे पढ़ाई में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को अपने यहां हिंदी में एलएलबी और एलएलएम की पढ़ाई शुरू करनी चाहिए।



समारोह के दौरान मंच पर वार्ता करते न्यायाधीश डॉ. डी.वाई. चन्द्रचूड़ और सीएम योगी अदित्यनाथ। - अमर उजाला

जनता का विश्वास ही जज-वकील की पूंजी : योगी

डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जज और वकील दोनों के लिए जनता का विश्वास सबसे अहम है। इसलिए डिग्री प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को इसका ध्यान रखते हुए काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त ही विधि का शासन है। न्याय सही समय पर समयबद्ध तरीके से हो, इसके लिए योग्य विधि विशेषज्ञ की जरूरत होती है। आम जनमानस बड़े विश्वास के साथ न्यायपालिका के पास आता है। यह विश्वास बना रहना चाहिए।

132 मेधावियों को मिले पदक

डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली की मौजूदगी में मेधावियों को डिग्री और पदक प्रदान किए गए। समारोह में कुल 132 पदक प्रदान किए गए। इसके साथ ही बीए एलएलबी के 1448, एलएलएम के 200, डिप्लोमा के 182 और पीएचडी के 68 विद्यार्थियों को डिग्री भी प्रदान की गई।

शादी में हंगामा...चार सिपाहियों ने की फायरिंग, 6 लोग घायल

गाजीपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात शादी में नशे में धुत कुछ लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। नशे में धुत सिपाही ने कमरे में खुद को बैठाए जाने से नाराज होकर तीन अन्य साथियों को बुलाकर शादी में फायरिंग करनी शुरू कर दी। इससे छह लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल ले जाया गया।

तीन की स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। चारों सिपाहियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसमें दो सिपाही वाराणसी में तैनात हैं। जबकि दो अज्ञात है। बिरनो थाना क्षेत्र के पिरथीपुर निवासी नरेंद्र कुशवाहा के भतीजे अनिल की शादी आलम पट्टी स्थित मैरेज लॉन में हो रही थी। दुल्हन के पिता और 48 बटालियन पीएसी सोनभद्र में तैनात सिपाही गुलाब सिंह ने बेटी की शादी में रविंद्र नाथ सिंह यादव को बुलाया थे, जो 34 बटालियन पीएसी भुलनपुर में सिपाही के पद पर तैनात है। आरोप है कि वो नशे में हंगामा कर रहे थे। लोगों ने उन्हें समझाकर एक कमरे में बैठा दिया। रात 12 बजे कमरे से निकलकर सिपाही और तीन साथी शादी कार्यक्रम में पहुंचे और गोली चलाने लगे। इससे भगदड़ मच गई। इस दौरान घराती और बराती पक्ष के छह लोग घायल हो गए। आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपियों में रवींद्र नाथ सिंह के अलावा दूसरे की पहचान अरविंद यादव के रूप में हुई है, जो वाराणसी जिले में डॉयल 112 में ड्राइवर है। जबकि दो अन्य की पहचान नहीं हो सकी।



धर्मेंद्र कुशवाहा



निखिल तिवारी

डीजे पर नाचने को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद को लेकर वधू पक्ष से आए एक मेहमान द्वारा फायरिंग की गई। इससे कुछ लोगों को चोटें आई हैं। सीसीटीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं, जो भी दोषी होंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-ज्ञानेंद्र कुमार, एएसपी सिटी

शाहजहांपुर : हाईवे पर कम हुआ पानी

गंगा-रामगंगा में फिर बढ़ेगा पानी, हालत बिगड़ने की आशंका

बरेली/शाहजहांपुर/खीरी। लखनऊ हाईवे पर बृहस्पतिवार को आया बाढ़ का पानी शनिवार को कम होने के बाद छोटे वाहनों को भी सावधानी से गुजारा गया। साथ ही रोडवेज बस भी चला दी गई। कांट-जलालाबाद, बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग पर भी रोडवेज बसों व अन्य वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया। हालांकि गर्रा के साथ ही खन्नौत नदी में जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। मेडिकल कॉलेज में अब भी पानी भरे होने के कारण शनिवार को भावलखेड़ा सीएचसी में इमरजेंसी सेवाएं शुरू की गईं।

तिलहर-निगोही मार्ग पर आवागमन शुरू कर दिया गया। जलालाबाद व कलान तहसील क्षेत्र से गुजरने वाली गंगा व रामगंगा के जलस्तर में भी कमी आई है। हालांकि उत्तराखंड के बांधों और बैराजों से अतिरिक्त पानी की निकासी से अगले 24 घंटे में इन दोनों नदियों में पानी बढ़ने से गांवों में हालात बिगड़ने की आशंका है। यहां के गन्ना शोध संस्थान के मौसम वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह ने रविवार को बूंदाबांदी और उसके बाद दो दिन झमाझम बारिश की संभावना है। संवाद

चार की डूबने से मौत

बरेली के कमुआ गांव में बहगुल नदी में डूबने से चचेरे-तहेरे भाइयों हिमांशु (8) और अनुज (9) की मौत हो गई। वहीं मीरगंज के गांव दिवना में पैर फिसलने के कारण बहने से प्रमोद (45) की मौत हो गई। फरीदपुर के गांव पचौमी के आठ वर्षीय राजा की तालाब में डूबने से मौत हो गई।

डिजिटल अटेंडेंस के विरोध में कई जिलों के शिक्षक संकुल ने दिया सामूहिक त्यागपत्र

लखनऊ। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में डिजिटल अटेंडेंस को लेकर शनिवार को भी शिक्षकों का विरोध जारी रहा।

वहीं, डिजिटल अटेंडेंस पर सख्ती और शिक्षकों से इसे लगवाने के विभागीय दबाव के बाद कई जिलों में शिक्षक संकुल ने इस काम से सामूहिक त्यागपत्र दे दिया। साथ ही शिक्षकों ने व्यक्तिगत मोबाइल नंबर का सरकारी काम में प्रयोग न करने की भी बात कही है। बेसिक शिक्षकों के समर्थन में शनिवार को माध्यमिक शिक्षक संघ भी उतरा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) ने प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने इनका समर्थन किया है। कई जिलों में विद्यालय जा रहे शिक्षा अधिकारी शिक्षक संकुलों पर भी इस बात का दबाव बना रहे हैं कि वे शिक्षकों की डिजिटल अटेंडेंस लगवाएं। इसके विरोध में अमेठी, बरेली, आगरा, अलीगढ़, मैनपुरी आदि जिलों के शिक्षक संकुल ने त्यागपत्र दे दिया। उन्होंने संकुल कार्य में रुचि न होने को इसका कारण बताया है। ब्यूरो

जुलाई आखिरी में विधानमंडल मानसून सत्र की संभावना

लखनऊ। यूपी में जुलाई के आखिरी सप्ताह में विधानमंडल का मानसून सत्र आहूत होने की संभावना है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। लोकसभा चुनाव के बाद यह पहला सत्र होगा। इसलिए पक्ष और विपक्ष दोनों ही अपने एजेंडे को धार देने का प्रयास करेगा। दोनों सदनों में नेता प्रतिपक्ष भी नए होंगे। ब्यूरो

पंजाब नैशनल बैंक .....भरोसे का प्रतीक | pnb (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) | punjab national bank ...the name you can BANK upon!

सर्कल सस्त्रा सेंटर : बुलंदशहर
सर्कल कार्यालय: बुलंदशहर पता: यमुनापुरम, बुलंदशहर, उ.प्र.-203001,
मो. 8171640088, फोन 05732-281724, ई-मेल cobsrsamd@pnb.co.in; CS8212@pnb.co.in

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 व 9 के तहत जन साधारण हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु जन सूचना।

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपतियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा जन साधारण एवं विशेषतः ऋणकर्ताओं व गारंटरों को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी गई/प्रभारित निम्न उल्लेखित अचल संपति, जिसका निर्माणात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक कब्जा इस बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, इसे संबंधित ऋणकर्ताओं व गारंटरों से बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता की बकाया देय राशि की वसूली के लिए यहां निम्न उल्लेखित तालिका में उल्लेखितानुसार तिथि को **''जैसे हैं जहाँ है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर''** बेचा जाऐगा। आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि जमा संबंधित संपतियों के प्रति निम्न तालिका में उल्लेखितानुसार है।

प्रत्याभूतित परिसंपतियों की अनुसूची

लॉट नं.	शाखा का नाम / एकाऊंट का नाम / ऋणकर्ता/गारंटरों खाता का नाम एवं पता	रेहन रखी गई अचल संपतियों का ब्यौरा/मालिक का नाम (संपतियों के रेहनकर्ता)	ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि / बी)-------को बकाया राशि / सी) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि / डी) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/ निर्माणात्मक	ए) आरक्षित मूल्य राशि रू. में / बी) ईएमडी / सी) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय
1.	पीएनबी-यमुनापुरम **श्री धर्मपाल सिंह पुत्र श्री श्योदन सिंह** नि. मकान सं. 217, चौक 3, थाना शिकारपुर, जिला बुलंदशहर-203395	श्री धर्मपाल सिंह के नाम पर मोहल्ला मूर्ति विहार कस्बा शिकारपुर में स्थित 251.57 वर्ग मी. एरिया माप का आवासीय मकान सीमाएं निम्नानुसार - पूर्व : रास्ता, पश्चिम : प्लॉट दिनेश चंद एवं अन्य, उत्तर : खेत विनोद कुमार, दक्षिण : रास्ता।	A) 02.06.2021 B) Rs. 56,08,420.24 + 01.05.2021 से ब्याज C) 13.01.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 1,12,76,000/- B) Rs. 11,27,600/- C) Rs. 10,000/-	13.08.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे
2.	पीएनबी-शिकारपुर **मैसर्स श्री सिद्ध बाबा ट्रेडिंग** प्रोप. श्री मनोज कुमार, बी-25, न्यू मंडी शिकारपुर, मेन मार्केट रोड, शिकारपुर, बुलंदशहर उत्तर प्रदेश-202395	श्री मनोज कुमार सुपुत्र श्री पन्ना लाल के नाम में मोहल्ला खेड़ा कस्बा शिकारपुर बुलंदशहर पर स्थित एक खाली प्लॉट माप क्षेत्र 167.32 वर्ग मी.। सीमाएं : पूर्व : पंडित जी का प्लॉट, पश्चिम : विक्रेता का प्लॉट, उत्तर : कांति का खेत, दक्षिण : सड़क 4.57 मी. चौड़ी। ***संपत्ति विवरण टाइटल डीड अनुसार***	A) 15.11.2022 B) Rs. 20,88,437.31/- + 01.11.2022 से ब्याज C) 22.03.2023 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 7,65,000/- B) Rs. 76,500/- C) Rs. 10,000/-	13.08.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे
		श्री मनोज कुमार सुपुत्र श्री पन्ना लाल के नाम पर मोहल्ला मुफ्तीवाड़ा, खेड़ा शिकारपुर जिला बुलंदशहर में स्थित 149.00 वर्ग मी. माप का एक आवासीय मकान। सीमाएं : पूर्वः सड़क 2 मी. चौड़ी और चंद्र पाल का मकान, पश्चिम : रवि शेखर का मकान, उत्तर : खरीददार की दुकान, दक्षिण : प्रमोद कुमार का मकान।		A) Rs. 31,42,800/- B) Rs. 3,14,280/- C) Rs. 10,000/-	
3.	पीएनबी - खुर्जा मेन **मै. अल (Al) फैज इंटरनेशनल** प्रोप. मो. एहसान स्थित तारिनन, जीटी रोड खुर्जा जिला बुलंदशहर-203131	1. गिफ्ट डीड के द्वारा श्री मो. एहसान के नाम पर 55.76 वर्ग मी. एरिया माप का तारिनन, खुर्जा में स्थित आवासीय प्लॉट। सीमाएं **निम्नानुसार :-** पूर्व : जीटी रोड,पश्चिम : हिन्नो एवं अन्य का प्लॉट, उत्तर : एहसान की संपति, दक्षिण : इमरान की संपति। 2. गिफ्ट डीड के द्वारा श्री मो. एहसान के नाम पर 68.38 वर्ग. मी. एरिया माप का तारिनन खुर्जा में स्थित आवासीय प्लॉट। **सीमाएं निम्नानुसार :-** पूर्व : जीटी रोड, पश्चिम : हिन्नो एवं अन्य का प्लॉट, उत्तर : कादिर का प्लॉट, दक्षिण : हाजी मेहरबान की संपति।	A) 16.06.2021 B) Rs. 41,81,208.99 + 01.05.2021 से ब्याज C) 05.05.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 68,40,000/- B) Rs. 6,84,000/- C) Rs. 10,000/-	13.08.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे
4.	पीएनबी-दशेहरा, बुलंदशहर **मै. खुर्जा केबल टीवी नेटवर्क प्रोप. शिव कुमार गुप्ता** 588, पंजाबियां 5, सुभाष रोड खुर्जा, जिला बुलंदशहर 203131	**पार्ट खेत नं. 1710, मोहल्ला सिटी स्टेशन, खुर्जा जिला बुलंदशहर 203131 में 168.00 वर्ग मी. एरिया माप का आवासीय प्लॉट का** ईएम। सीमाएं निम्नानुसार हैं : **पूर्वः श्रीमती दुलारी देवी आदि का मकान, पश्चिम : रास्ता कच्चा प्रस्तावित 15 फुट चौड़ा** उत्तर : रास्ता कच्चा प्रस्तावित 12 फुट चौड़ा दक्षिण : नरेश कुमार पुत्र काले का प्लॉट **स्वामित्व श्रीमती राज दुलारी पत्नी स्व. श्री मटरूमल**	A) 04.03.2020 B) Rs. 11,62,102.97 + 01.07.2019 से ब्याज C) 04.12.2020 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 9,32,400/- B) Rs. 93,240/- C) Rs. 10,000/-	13.08.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे
5.	पीएनबी-डिप्टी गंज **राजेन्द्र कुमार पुत्र रिछपाल सिंह** नि. म. सं. 246, हरि एन्क्लेव कॉलोनी बुलंदशहर-203001 **(बालाजी ऐंट. उद्योग)**	श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र रिछपाल व श्रीमती नीतू पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह के स्वामित्व में बुक I, वोल्यूम 3254 पेज 125 से 156, क्रम सं. 2676 में एस.आर. कार्यालय बुलंदशहर के पास 12.05.2006 को पंजीकृत हरि एन्क्लेव कॉलोनी बुलंदशहर 203001 में स्थित 305.60 वर्ग मी. माप के आवासीय प्लॉट व भवन सं 246 की सभी जरूरी चौजें। सीमाएं : उत्तर : आई.पी. सिंह का मकान, दक्षिण : सड़क 30'', पूर्वः रास्ता 30'', पश्चिम : शतेन्द्र सिंह (ठेकेदार) का मकान। **स्वामित्व श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र रिछपाल व श्रीमती नीतू पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह**	A) 07.12.2019 B) Rs. 48.50 Lakhs + 06.12.2019 से ब्याज C) 26.02.2020 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 1,21,11,300/- B) Rs. 12,11,130/- C) Rs. 10,000/-	13.08.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे
6.	पीएनबी-डिप्टी गंज **मैसर्ज मो. यासिन प्रोप. मो. यासिन पुत्र अब्दुल सत्तार** उत्तम नगर, धामेरा रोड, बुलंदशहर, उ.प्र. 203001	मो. यासिन पुत्र अब्दुल सत्तार, मुबीन पुत्र अब्दुल सत्तार मो. हसीन सैफी पुत्र अब्दुल सत्तार व मुबीना पुत्री अब्दुल सत्तार पत्नी आजाद मोहम्मद के नाम पर किदवई नगर, नया गांव जिला बुलंदशहर में स्थित 60 वर्ग गज माप का एक मकान नं. 64 सीमाएं निम्नानुसार : पूर्वः कंजर का मकान, पश्चिम : ननूआ की संपत्ति, उत्तर : ननूआ की संपत्ति, दक्षिणः रास्ता।	A) 26.09.2022 B) Rs. 13,41,174.00 + 01.09.2022 से ब्याज C) 14.07.2023 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 11,72,700/- B) Rs. 1,17,270/- C) Rs. 10,000/-	13.08.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे
7.	पीएनबी-गुलोठी **मैसर्ज सावित्री ट्रेड्र्स प्रोप. सुनील कुमार प्रजापति** रेलवे क्रॉसिंग के समीप, सैयदपुर रोड, गुलोठी, जिला बुलंदशहर-245408	श्री सुनील कुमार प्रजापति व श्री राकेश कुमार के नाम पर मोहल्ला न्यू आबादी कस्बा गुलोठी जिला बुलंदशहर में स्थित 432 वर्ग गज माप का एक प्लॉट। सीमाएं निम्नानुसारः पूर्वः वाहिद व राशिद का प्लॉट, पश्चिम : सरफुद्दीन का प्लॉट, उत्तर : मकसूद का बाग, दक्षिण : रास्ता।	A) 16.06.2021 B) Rs. 23,32,924.68 + 01.05.2021 से ब्याज C) 03.01.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 61,94,000/- B) Rs. 6,19,400/- C) Rs. 10,000/-	28.08.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे
8.	पीएनबी-चन्दौसी, एमजी **अजय पाल सिंह सुपुत्र चन्द्रभान सिंह** निवासी गुलदेहरा निकट श्री गणेश कालोनी, चन्दौसी	विजय भान सिंह सुपुत्र चन्द्रभान सिंह एवं अजय भान सिंह सुपुत्र चन्द्र भान सिंह के नाम में दर्ज एसआरओ चन्दौसी के पास वही सं.01, जिल्द सं. 1070, पृष्ठ सं. 324, क्र.सं. 4795, ए/एफ, बुक सं. 01, जिल्द सं. 1163, पृष्ठ सं. 206 से 208, दिनांक 24.12.1996 में दर्ज गुलदेहरा निकट श्री गणेश कॉलोनी, चन्दौसी, तहसील चन्दौसी जिला मुरादाबाद (अब सम्भल) पर स्थित सम्पत्ति माप क्षेत्र 79.22 वर्ग मीटर का सभी जरूरी भाग। सीमाएं हैं: पूर्व : राधे श्याम शर्मा का प्लॉट, पश्चिमः 8 फीट चौड़ी कच्ची सड़क, उत्तरः अर्जी श्री गोपाल, दक्षिणः उमा देवी का प्लॉट	A) 14.06.2022 B) Rs. 10,46,708/- + 31.05.2023 से ब्याज C) 20.06.2023 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 17,14,000/- B) Rs. 1,71,400/- C) Rs .10,000/-	28.08.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे
9.	पीएनबी यमुनापुरम **श्री दिग्गविजय बघेल पुत्र श्री हरबीर सिंह** नि. म.सं. 264 समीप चौपाल, गांव -इंदौरखेड़ा, कस्बा देवाई, बुलंदशहर, उ.प्र.-202392	दिनांक 02.05.2019 को वही सं. 1, जिल्द सं. 3610, पेज सं. 129/250 क्रम सं. 2259 पर सब रजिस्ट्रार के साथ पंजीकृत विक्री विलेख द्वारा पंजीकृत गांव इंदौरा खेड़ा, तह. देवाई, जिला बुलंदशहर में खसरा सं. 1056 एवं 1056/1471 के भाग पर स्थित 4120 वर्ग मी. माप की संपत्ति। टाइटल डीड के अनुार सीमाएं:- पूर्व : राजेंद्र सिंह का खेत पश्चिम : रामवीर सिंह का खेत उत्तर : हरज्ञान सिंह का खेत दक्षिण : संपर्क मार्ग	A) 09.05.2022 B) Rs. 55,74,994/- + 30.04.2022 से ब्याज C) 15.09.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 56,75,000/- B) Rs. 5,67,500/- C) Rs. 10,000/-	28.08.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे
10.	पीएनबी-चंदौसी एमजी **शालिनी पत्नी श्याम सुंदर** निवासी पुष्पा विहार आवास विकास, चंदौसी, जिला सम्भल-202412	श्रीमती शालिनी पत्नी श्री श्याम सुंदर, श्रीमती कांता रानी पत्नी श्री कुशवक्त राय (Kushwaqt rai) एवं श्रीमती गीता रानी पत्नी श्री अनिल कुमार स्टेशन रोड चंदौसी जिला सम्भल के नाम में कुल क्षेत्र 17.16 वर्ग मीटर, बुक 01, खंड 396, पेज सं. 235 से 284 क्रम सं. 1807 दिनांक 06.04.2000 एसआरओ चंदौसी में पंजीकृत मोहल्ला बजार बिसात खाना, चंदौसी सम्भल में स्थित संपत्ति के सभी जरूरी भाग। टाइटल डीड के अनुसार सीमाएं : पूर्वः सड़क, पश्चिम : श्री विनोद सर्राफ की संपत्ति, उत्तर : सोमपाल सिंह की दुकान, दक्षिण : श्रीमती शालिनी एवं श्रीमती कांता देवी की दुकान।	A) 07.10.2023 B) Rs. 40,28,346.47 + 01.10.2023 से ब्याज C) 27.02.2024 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 67,94,000/- B) Rs. 6,79,400/- C) Rs. 10,000/-	28.08.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे
11.	पीएनबी-चंदौसी एमजी **महमूद अख्तर पुत्र मोहम्मद सिद्दिकी** निवासी मोहल्ला कुरेशियां, जरई गेट, चंदौसी, जिला सम्भल, यूपी-242412	जमाल आरा पत्नी मेहमूद अख्तर उर्फ बबलू निवासी मोहल्ला-कुरेशियां, जरई गेट, चंदौसी जिला सम्भल, यूपी-242412 के नाम में दर्ज एसआरओ चंदौसी के साथ 28.88 वर्गमीटर माप का क्षेत्र, वही सं. 01, जिल्द सं. 6123, पेज सं. 37 से 62 क्रम सं. 11021 दिनांक 02.07.2014 में दर्ज मोहल्ला-जरई गेट, चंदौसी, जिला सम्भल यूपी में स्थित संपत्ति के सभी जरूरी भाग। सीमाएं निम्नानुसार हैं : पूर्व : अब्दुल सत्तार की संपत्ति, पश्चिम : अनवर की संपत्ति, उत्तर : सड़क, दक्षिण : मतान कुरैशी की सम्पत्ति।	A) 28.02.2023 B) Rs. 9,42,187.01 + 28.02.2023 से ब्याज C) 20.06.2023 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 19,31,000/- B) Rs. 1,93,100- C) Rs. 10,000/-	28.08.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे

यह बिक्री प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्न अतिरिक्त शर्तों के तहत होगी :

1. सम्पत्तियों की बिक्री ''जैसे हैं जहाँ है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर'' पर की जाएगी।
2. उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार वर्णित किया गया है, परन्तु प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या विलोपन हेतु उत्तरदायी नहीं होगा।
3. बिक्री वेबसाईट https://www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के जरिये अधोहस्ताक्षरी द्वारा 13.08.2024 व 28.08.2024 पर पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 4.00 बजे तक की जाऐगी।
4. बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया www.ibapi.in, www.tenders.gov.in, www.mstcecommerce.com https://eprocure.gov.in/epublish/app पर जाएं।

दिनांक : 12.07.2024, स्थान : बुलंदशहर

प्राधिकृत अधिकारी,प्रत्याभूतित ऋणदाता, पंजाब नेशनल बैंक, सर्कल सस्त्रा सेंटर, बुलंदशहर